दिन– सोमवार दिनांक– 24 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र आज से हो रहा है शुरू। सत्र के दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी।

02. नीट यूजी पेपर लीक मामले में केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। ईओयू का खुलासा– झारखंड के हजारीबाग से एक पेशेवर गिरोह द्वारा लीक किया गया था प्रश्न पत्र।

03. यूजीसी–नेट परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच के लिए नवादा पहुंची सीबीआई की टीम पर स्थानीय लोगों ने किया हमला। मामले में चार आरोपी गिरफ्तार।

04. और, मौसम विभाग ने कहा – अगले तीन से चार दिन के दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मॉनसून के सक्रिय होने की संभावना। दक्षिणी हिस्सों में कई स्थानों पर आज लू की स्थिति बने रहने का पूर्वानुमान।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र आज से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलवाई जाएगी। प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किए गए भाजपा के वरिष्ठ सांसद भर्तृहरि महताब नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राज्यसभा का सत्र गुरुवार से शुरू होगा। संसद सत्र तीन जुलाई को समाप्त होगा। एक रिपोर्ट...

–––वायस कास्ट–––

---

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने आज से शुरू होने वाली अठारहवीं लोकसभा सत्र में संसद के सभी नव–निर्वाचित सदस्यों का स्वागत किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने कहा कि वे सदस्यों की हरसंभव सहायता के लिए तत्पर रहेंगे। साथ ही उन्होंने सदन की कार्यवाही में सदस्यों से समन्वय की भी आशा व्यक्त की।

---

राष्ट्रीय पात्रता सह–प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी के पेपर लीक मामले में केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने पहली प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच के लिए ब्यूरो ने विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो पटना और गुजरात के गोधरा जा रही है। प्राथमिकी में कहा गया है कि इस परीक्षा के आयोजन के दौरान कुछ राज्यों में अलग–अलग घटनाएं हुईं। शिक्षा मंत्रालय ने अनियमितताओं की सीबीआई से व्यापक जांच कराने का अनुरोध किया है।

———————————————————————

इधर, बिहार पुलिस ने नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी की जांच अब सीबीआई करेगी। गौरतलब है कि इस मामले की जांच अबतक बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई कर रही थी। कल ईओयू ने अबतक हुई जांच से संबंधित ब्योरा सार्वजनिक किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि नीट–यूजी परीक्षा का प्रश्नपत्र झारखंड के हजारीबाग से एक पेशेवर गिरोह द्वारा लीक किया गया था। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

इस बीच, पेपर लीक मामले में देवघर से गिरफ्तार पांच आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

———————————————————————

नीट–यूजी परीक्षा में ग्रेस या क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले एक हजार पांच सौ तिरेसठ अभ्यर्थियों की परीक्षा कल दोबारा आयोजित की गई। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, मेघालय और चंडीगढ़ राज्यों के सात केंद्रों में पुर्नपरीक्षा सम्पन्न हुई। कुल एक हजार पांच सौ तिरेसठ अभ्यर्थियों में से आठ सौ तेरह अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हुए, जबकि सात सौ पचास विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट की समीक्षा के बाद सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी पर एजेंसी द्वारा पुर्नपरीक्षा आयोजित की गई।

———————————————————————

यूजीसी–नेट परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच के लिए नवादा पहुंची केंद्रीय जांच ब्यूरो की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। यह टीम पेपर लीक मामले की जांच के लिए दिल्ली से जिले के रजौली थाना क्षेत्र स्थित कसियाडीह गांव पहुंची

थी। स्थानीय लोगों ने जांच टीम की गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले से जुड़े एक मोबाइल फोन का लोकेशन नवादा में मिलने की जानकारी पर ब्यूरो की टीम वहां गई थी। पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने बताया कि यह घटना गांव में फैली अफवाह के कारण हुई। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासियों ने जांच दल को नकली समझकर घेर लिया। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और टीम को पुलिस सुरक्षा प्रदान की गई है।

———————————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, यूजीसी ने लोकपाल नियुक्त नहीं करने वाले विश्वविद्यालयों की सूची जारी की है। इस सूची में बिहार के पांच समेत देशभर के एक सौ सत्तावन विश्वविद्यालय शामिल हैं। बिहार के तीन सरकारी विश्वविद्यालय– बिहार इंजनीयरिंग विश्वविद्यालय, पटना, बिहार चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना और तिलकामांझी विश्वविद्यालय, भागलपुर इस सूची में शामिल हैं। वहीं, दो निजी विश्वविद्यालय अल–करीम विश्वविद्यालय, कटिहार और माता गुजरी विश्वविद्यालय, किशनगंज को भी डिफॉल्टर की सूची में शामिल किया गया है। गौरतलब है कि यूजीसी ने विश्वविद्यालयों में छात्रों की समस्याओं को सुनने के लिए लोकपाल की नियुक्ति को अनिवार्य कर दिया है।

———————————————————————

पत्र सूचना कार्यालय की ओर से आज पटना में तीन नए आपराधिक कानूनों पर मीडिया कार्यशाला वार्तालाप का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में प्रेस प्रतिनिधियों को तीनों नए कानूनों के विभिन्न पहलुओं की जानकरी दी जाएगी।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मॉनसून सक्रिय हो जाएगा। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि अभी मॉनसून रक्सौल की सीमा से गुजर रहा है।

———बाईट———

इधर, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू की स्थिति बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली और बक्सर राज्य के सबसे गर्म स्थान रहे। मौसम वैज्ञानिक ने

बताया कि आज भी राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कई स्थानों पर लू की स्थिति बने रहने का पूर्वानुमान है। कल से तापमान में गिरावट आ सकती है।

–––बाईट–––

———————————————————————————

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उपचुनाव के लिए कुल तेरह उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया है। प्रत्याशी छब्बीस जून तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान दस जुलाई को होगा और मतों की गिनती तेरह जुलाई को की जाएगी। नामांकन भरने वालों में राजद से बीमा भारती, जदयू से कलाधर प्रसाद मंडल और निर्दलीय शंकर सिंह प्रमुख हैं।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन–कुंडवा चैनपुर पथ पर अमवा गांव के पास निर्माणाधीन पुल एक हिस्सा ध्वस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पुल का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से करवाया जा रहा था। इसकी लागत एक करोड़ उनसठ लाख रूपये से अधिक है। इस मामले में निर्माण एजेंसी द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज करवाई गयी है, जिसमें कहा गया है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने पुल की शटरिंग खोल दी जिस कारण यह हादसा हुआ है। इस बीच, जिलाधिकारी ने विभाग के कार्यपालक अभियंता से पूरी रिपोर्ट तलब की है।

———————————————————————————

आईसीसी ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप में आज भारत अपने सुपर–एट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से सेंट लूसिया, ग्रॉस आइलेट के डैरेन सैमी राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत की टीम पहले ही सुपर–एट ग्रुप में अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हरा चुकी है।

———————————————————————————

सीवान जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र अंतर्गत एक निर्माणाधीन शौचालय की टंकी की शटरिंग खोलने के दौरान दम घुटने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआवा गांव में बूढ़ी गंडक नदी में डूबने से दो युवकों की मौत हो गयी।

---

वैशाली जिले के राघोपुर प्रखंड में एसटीएफ और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। मौके से पुलिस ने निर्मित–अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरणों के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

---

कटिहार जिले के रोशना थाना परिसर में खड़े एक क्षतिग्रस्त वाहन में चार कार्टन शराब होने का वीडियो वायरल होने के मामले में थानाध्यक्ष तारिक अनवर अंसारी और एक चौकीदार तथा एक होमगार्ड जवान को निलंबित कर दिया गया है।

---

भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत खननीकला गांव में शराब तस्करों के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस हमले में एक दारोगा समेत चार पुलिस कर्मी घायल हो गए। इस पूरे मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

इधर, गया जिले के बाराचट्‌टी थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगुआर गांव में एक वारंटी दम्पत्ति को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस की तीन गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हुई है।

---

सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र के नरसिंघ भानपुर में नक्सली घटना को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रेम मांझी को गिरफ्तार कर लिया है। इधर, पूर्णियां जिले के बनमनखी से पुलिस ने पच्चीस हजार रूपये के ईनामी अपराधी मोहम्मद जुबैर और मोहम्मद इस्ताम को एक अन्य सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने नीट पेपर लीक जांच मामले से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने इस खबर का शीर्षक दिया है– नीट मामले में सीबीआई ने केस दर्ज किया, बिहार आएगी टीम।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– सीएम ने मीठापुर–महुली–पुनपुन फोर लेन और बापू टावर जल्द पूरा करने का दिया निर्देश। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है– मनरेगा में छह दिनों में एक को भी नहीं मिला सौ दिन का।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है– इसरो ने कराई पुष्पक की सफल लैंडिंग, दोबारा प्रयोग वाले स्वेदशी स्पेस शटल की दिशा में बड़ी उपलब्धि।

**दैनिक भास्कर** की प्रमुख खबर है– मोतिहारी में एक करोड़ बीस लाख रूपये की पुलिया का स्पैन ढलाई के तीन घंटे बाद ढहा।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है– बाढ़ से निपटने को केन्द्र की तैयारी शुरू। गृह मंत्री अमित शाह ने की समीक्षा बैठक।

**आज** अखबार लिखता है– राज्य के दो स्वास्थ्य केन्द्रों को मिला एनक्यूएएस प्रमाणीकरण।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र आज से हो रहा है शुरू। सत्र के दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी।

02. नीट यूजी पेपर लीक मामले में केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। ईओयू का खुलासा– झारखंड के हजारीबाग से एक पेशेवर गिरोह द्वारा लीक किया गया था प्रश्न पत्र।

03. यूजीसी–नेट परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच के लिए नवादा पहुंची सीबीआई की टीम पर स्थानीय लोगों ने किया हमला। मामले में चार आरोपी गिरफ्तार।

04. और, मौसम विभाग ने कहा – अगले तीन से चार दिन के दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मॉनसून के सक्रिय होने की संभावना। दक्षिणी हिस्सों में कई स्थानों पर आज लू की स्थिति बने रहने का पूर्वानुमान।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।